हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 30.03.2024



जींद। सीआरएसयू की विजेता टीम का स्वागत करते हुए कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन।

# नॉर्थ ईस्ट जोन और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में सीआरएसयू के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की कराटे महिला टीम ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में ब्रॉज मेडल जीते। विजेता खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की कराटे महिला टीम ने चंडीगढ़ की पंजाब विश्वविद्यालय में दस से 14 मार्च तक आयोजित हुई नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और 15 से 20 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में हिस्सा लिया था। खिलाड़ी सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल तथा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेते हुए भी ब्रॉज मेडल हासिल किया। टीम रूप से कुमिते में किरण, दीपशिखा, 'योति व रहीमा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में ब्रॉज मेडल हासिल किया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने सिल्वर मेडल और 68 किलोग्राम से ऊपर भारवर्ग में दीपशिखा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में सिल्वर मेडल जीता।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 30.03.2024




जींद। प्रतियोगिता के लिए रवाना होती टीम। फोटो हरिभूमि

# नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए टीम रवाना

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की कल्चरल टीम इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए लुधियाना रवाना हुई। यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 29 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। इसमें विश्वविद्यालय की तरफ से स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम में इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेंगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय की दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी और नेशनल यूथ फेस्टिवल में अच्छा प्रदर्शन करने और जीतने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की युवा एवं सांस्कृतिक कार्यालय विद्यार्थियों को बहुत अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करवाता विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय की स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम नेशनल लेवल पर इंटर युनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए लुधियाना रवाना हो रही है। यह सब उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है और कहा कि विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें और वहां से जीत के साथ वापस आए।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Date: 30.03.2024

# अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

■ विद्यार्थियों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका: डा. कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया। शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप नारा ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विवि स्तर पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संपर्क विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहायक होगा। विभाग प्रभारी डा. रितु रानी ने कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है। बैठक में शिक्षकों द्वारा प्रयुक्त नूतन शिक्षण प्रवृत्तियों और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं मूल्यांकन पर चर्चा की गई और साथ ही विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की चर्चा की गई जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सहायक प्राध्यापकने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक सहयोग का एक अवसर है।



जींद। बैठक में भाग लेते अभिभावक व प्राध्यापक। फोटो :हरिभूमि

**अमर उजाला**

**Date: 30.03.2024**

# नॉर्थ ईस्ट जोन में सीआरएसयू की टीम ने जीते मेडल

## सीआरएस विश्वविद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का कुलसचिव ने स्वागत किया

संवाद न्यूज एजेंसी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की कराटे महिला टीम ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में ब्रॉन्ज मेडल जीते। विजेता खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय में पहुंचने पर कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की कराटे महिला टीम ने चंडीगढ़ की पंजाब विश्वविद्यालय में दस से 14 मार्च तक आयोजित हुई नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और 15 से 20 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में हिस्सा लिया था।

खिलाड़ी सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल तथा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेते हुए भी ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। किरण, दीपशिखा, ज्योति व रहीमा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने सिल्वर मेडल और 68 किलोग्राम से ऊपर भारवर्ग में दीपशिखा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में सिल्वर मेडल जीता। इसके अलावा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में काता में सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने कांस्य पदक हासिल किया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने अखिल भारतीय अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर खेल परिषद के प्रधान डॉ. कुलदीप नारा, कार्यालय लिपिक संदीप मोर, कोच मुनीत बेरवाल, कृष्ण, कमलदीप मौजूद रहे।



सीआरएसयू की विजेता टीम का स्वागत करते हुए कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन। स्रोत : प्रशासन

अमर उजाला

Date: 30.03.2024

# इंटर विवि यूथ फेस्टिवल के लिए टीम रवाना

## कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 1 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की कल्चरल टीम शुक्रवार को इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए लुधियाना रवाना हुई। यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 29 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित होगा। इसमें विश्वविद्यालय की तरफ से स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम में इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेंगी।

कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने अपने संदेश के माध्यम से विश्वविद्यालय की दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी और नेशनल यूथ फेस्टिवल में अच्छा प्रदर्शन करने और जीतने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की युवा एवं सांस्कृतिक कार्यालय विद्यार्थियों को बहुत अच्छा प्लेटफॉर्म प्रदान करवाता है, जिससे बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा उजागर होती है और विद्यार्थियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।




यूथ फेस्टिवल के लिए लुधियाना रवाना होती सीआरएसयू की टीम। स्रोत : विवि

### स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम में लेंगे हिस्सा

कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय की स्किट् और लाइट इंडियन वोकल की टीम नेशनल लेवल पर इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए लुधियाना रवाना हो रही है। यह सब उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है और कहा कि विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। डायरेक्टर डीवाईसीए डॉ. विजय कुमार और कोऑर्डिनेटर डॉ. ममता ढांडा ने कहा कि नेशनल यूथ फेस्टिवल में टीम जीतकर लौटेगी।

अमर उजाला

Date: 30.03.2024

# विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय की व्यक्तिगत परिवहन सुविधा हो

## सीआरएसयू में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित, विभिन्न मुद्दों पर विमर्श

संवाद न्यूज एजेंसी



बैठक में भाग लेते अभिभावक व प्राध्यापक। स्रोत विश्वविद्यालय

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप नारा ने कहा कि छात्रों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विश्वविद्यालय स्तर पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संपर्क छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहायक होगा।

विभाग प्रभारी डॉ. रितु रानी ने कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। इससे शिक्षकों को छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल छात्रों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है। बैठक में बातचीत करते हुए सभी को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं और छात्रों को इनका लाभ उठाना चाहिए।

बैठक में शिक्षकों द्वारा प्रयुक्त नूतन शिक्षण प्रवृत्तियों और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं मूल्यांकन पर चर्चा की गई। साथ ही विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की चर्चा की गई। विभाग के सहायक प्राध्यापक कपिल देव ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक सहयोग का एक अवसर है। अभिभावक सतबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय की व्यक्तिगत परिवहन सुविधा होनी चाहिए। अभिभावक सुशील ने कहा कि इस तरह की बैठक विभाग में होती रहनी चाहिए। इस अवसर पर सविता रानी, रोमी, सुदेश, सुमन, नीरू, सोनू मौजूद थे।

पंजाब केसरी
Date: 30.03.2024

# नैशनल यूथ फैस्टिवल के लिए टीम लुधियाना रवाना

जींद, 29 मार्च (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की कल्चरल टीम इंटर यूनिवर्सिटी नैशनल यूथ फैस्टिवल के लिए लुधियाना रवाना हुई। यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 29 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। इसमें विश्वविद्यालय की तरफ से स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम में इंटर यूनिवर्सिटी नैशनल यूथ फैस्टिवल में भाग लेंगी।

विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. रणपाल सिंह ने अपने संदेश के माध्यम से विश्वविद्यालय की दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं और नैशनल यूथ फैस्टिवल में अच्छा प्रदर्शन करने और जीतने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का युवा एवं सांस्कृतिक कार्यालय विद्यार्थियों को बहुत अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करवाता है जिससे बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा उजागर होती है और विद्यार्थियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।



नैशनल यूथ फैस्टिवल के लिए लुधियाना रवाना होती टीम।

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने भी पूरी टीम को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय की स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम नैशनल लैवल पर इंटर यूनिवर्सिटी नैशनल यूथ फैस्टिवल में भाग लेने के लिए लुधियाना रवाना हो रही है। यह सब उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है और कहा कि विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें और वहां से जीत के साथ वापस आएं। डायरैक्टर डी.वाई.सी.ए. डॉक्टर विजय कुमार और को-ऑर्डीनेटर डॉक्टर ममता ढांडा ने कहा कि नैशनल यूथ फैस्टिवल के लिए बच्चों ने बहुत कड़ी मेहनत की है और वहां से जीतकर वापस आएंगे और विश्वविद्यालय का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

पंजाब केसरी

Date: 30.03.2024

# सी.आर.एस.यू. में हुई अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

## अभिभावकों ने विश्वविद्यालय की व्यक्तिगत परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने पर दिया जोर



*बैठक में भाग लेते अभिभावक व प्राध्यापक।*

जींद, 29 मार्च (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई।

शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप नारा ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विश्वविद्यालय स्तर पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सम्पर्क विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में सहायक होगा।

विभाग प्रभारी डा. रीतू रानी ने कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। इससे शिक्षकों को छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों की ओर सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है। बैठक में बातचीत करते हुए सभी को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध हैं और छात्रों को इनका लाभ उठाना चाहिए। बैठक में शिक्षकों द्वारा प्रयुक्त नूतन शिक्षण प्रवृत्तियों और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता एवं मूल्यांकन पर चर्चा की गई और साथ ही विश्वविद्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की चर्चा की गई जो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभाग के सहायक प्राध्यापक कपिल देव ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक सहयोग का एक अवसर है जिसमें माता-पिता अपने बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन और कक्षा में व्यवहार के बारे में गहन ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर सभी अभिभावकों ने अपने विचारों का आदान-प्रदान किया और विभाग के संदर्भ में अपनी-अपनी प्रति पुष्टि प्रदान की जिससे विभाग निरंतर उन्नति कर सके।

अभिभावक सतबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय की व्यक्तिगत परिवहन सुविधा होनी चाहिए। अभिभावक सुशील ने कहा कि इस तरह की बैठक विभाग में होती रहनी चाहिए। इस मौके पर सविता रानी, रोमी, सुदेश, सुमन, नीरू, सोनू आदि मौजूद रहे।

पंजाब केसरी

Date: 30.03.2024

# सी.आर.एस.यू. पहुंचने पर कराटे महिला टीम का हुआ स्वागत



सी.आर.एस.यू. में पहुंचने पर टीम का स्वागत करते हुए रजिस्ट्रार।

जींद, 29 मार्च (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय कराटे महिला टीम का विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलसचिव प्रोफैसर लवलीन मोहन ने स्वागत किया।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की कराटे महिला टीम ने 10-14 मार्च, 2024 नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और 15-20 मार्च, 2024 ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेते हुए पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। कुलसचिव प्रोफैसर लवलीन मोहन ने विश्वविद्यालय खेल निदेशालय द्वारा खेल के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की प्रशंसा की।

खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया और भविष्य में अच्छा खेल प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेते हुए ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया। टीम रूप से कुमिते में किरण, दीपशिखा, ज्योति व रहीमा ने भाग लेकर नॉर्थ ईस्ट जोन में ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने सिल्वर मैडल और 68 किलोग्राम भार वर्ग में दीपशिखा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में सिल्वर मैडल प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता के बाद 15 से 20 मार्च को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में टीम रूप से काता में सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने कांस्य पदक हासिल किया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने अखिल भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रधान खेल परिषद चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद डॉ. कुलदीप नारा, कार्यालय लिपिक संदीप मोर व विश्वविद्यालयी टीम के कोच मुनीत बेरवाल, कृष्ण, कमलदीप मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण

Date: 30.03.2024

# सीआरएसयू की कराटे टीम ने जीते ब्रांज मेडल



विश्वविद्यालय की कराटे टीम के साथ रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन • सौ. विवि

जासं, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय करादे महिला टीम के पहुंचने पर रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने सम्मानित किया। विश्वविद्यालय की कराटे महिला टीम ने 10 से 14 मार्च तक नोर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी और 15 से 20 मार्च तक आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेते हुए पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। खेल निदेशक डा. नरेश देशवाल ने बताया कि सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने नोर्थ, ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल हासिल किया। वहीं आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में भाग लेते हुए ब्रांज मेडल हासिल किया। इसमें किरण, दीपशिखा, ज्योति व रहीमा ने भाग लेकर नार्थ ईस्ट जोन में ब्रांज मेडल हासिल किया। 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने सिल्वर मेडल और 68 से ज्यादा किलोग्राम भार वर्ग में दीपशिखा ने नोर्थ ईस्ट जोन में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

दैनिक जागरण

Date: 30.03.2024

# युवाओं को संस्कारवान बानाने में अभिभावक-शिक्षक अहम



बैठक में भाग लेते अभिभावक व प्राध्यापक • यूनिवर्सिटी प्रबंधन

जासं, जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप नारा ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभाग प्रभारी डा. रीतू रानी ने कहा कि किसी छात्र की शैक्षणिक प्रगति के बारे में माता-पिता और शिक्षकों के बीच कुशलतापूर्वक संवाद करने से छात्रों के प्रदर्शन में वृद्धि हो सकती है। विभाग के सहायक प्राध्यापक कपिल देव और अभिभावकों ने भी विचार रखे। इस मौके पर सविता रानी, रोमी, सुदेश, सुमन, नीरू, सोनू भी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 30.03.2024

# विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाने में शिक्षकों व अभिभावकों की अहम भूमिका



जींद. सीआरएसयू में आयोजित शिक्षक-अभिभावक बैठक में भाग लेते हुए।

**जींद|** सीआरएसयू में अभिभावक-शिक्षक बैठक में विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप नारा ने कहा कि विद्यार्थियों को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभाग प्रभारी डॉ. रितु रानी ने कहा कि अभिभावकों का बैठक में आना न केवल विद्यार्थियों के विकास की सकारात्मक सीढ़ी है, बल्कि विभाग की प्रगति में भी सहायक है। विभाग के सहायक प्राध्यापक कपिल देव ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक में माता-पिता अपने बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन और कक्षा में व्यवहार के बारे में गहन ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर सविता, रोमी, सुदेश, सुमन, नीरू व सोनू मौजूद थे।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 30.03.2024

# सीआरएसयू की कल्चरल टीम यूथ फेस्टिवल के लिए रवाना




**जींद** | सीआरएसयू की कल्चरल टीम इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए रवाना हुई। यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 29 मार्च से एक अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें विश्वविद्यालय की तरफ से स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम में इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेंगी। कुलपति डॉ. रणपाल सिंह व रजिस्ट्रार प्रोफेसर लवलीन मोहन ने कहा कि विश्वविद्यालय की युवा एवं सांस्कृतिक कार्यालय विद्यार्थियों को बहुत अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करवाता है, जिससे विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभा उजागर होती है।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 30.03.2024

# नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे में जीता ब्रॉन्ज



**जींद** | सीआरएसयू कराटे महिला टीम का विश्वविद्यालय पहुंचने पर रजिस्ट्रार प्रोफेसर लवलीन मोहन द्वारा स्वागत किया। खेल निदेशक डॉ. नरेश देशवाल ने बताया कि सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। टीम रूप से कुमिते में किरण, दीपशिखा, ज्योति व रहीमा ने भाग लेकर नॉर्थ ईस्ट जोन में ब्रॉन्ज, 50 किलो भार में किरण ने सिल्वर, 68 किलो से अधिक भार में दीपशिखा ने नॉर्थ ईस्ट जोन में सिल्वर मेडल जीता। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता में टीम रूप से काता में सिमरन, निकिता, मुस्कान और प्रियंका ने कांस्य, 50 किलोग्राम भार वर्ग में किरण ने अखिल भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। मौके पर डॉ. कुलदीप नारा, संदीप मोर, कोच मुनीत बेरवाल, कृष्ण व कमलदीप मौजूद थे।

लोकजन संदेश

Date: 30.03.2024

# हरियाणा/ सुल्तानपुर

# CRSU की टीम हुई इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए रवाना

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की कल्चरल टीम इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए लुधियाना रवाना हुई। यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 29 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें विश्वविद्यालय की तरफ से स्किट और लाइट इंडियन वोकल की टीम में इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेंगी।इस मौके पर विश्वविद्यालय कुलपति डॉक्टर रणपाल सिंह ने अपने संदेश के माध्यम से विश्वविद्यालय की दोनों टीमों को शुभकामनाएँ दी और नेशनल यूथ फेस्टिवल में अच्छा प्रदर्शन करने और जीतने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की युवा एवं सांस्कृतिक कार्यालय विद्यार्थियों




को बहुत अच्छा प्लेटफार्म प्रदान करवाता है जिससे बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा उजागर होती है और विद्यार्थियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन ने भी पूरी टीम को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय की स्किट् और लाइट इंडियन वोकल की टीम नेशनल लेवल पर इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए लुधियाना रवाना हो रही है। यह सब उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है और कहा कि विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें और वहाँ से जीत के साथ वापस आए। डायरेक्टर डी वाई सी ए डॉक्टर विजय कुमार और कोऑर्डिनेटर डॉक्टर ममता ढांडा ने कहा कि नेशनल यूथ फेस्टिवल के लिए बच्चों ने बहुत कड़ी मेहनत की है और वहाँ से जीत कर वापस आएंगे और विश्वविद्यालय का नाम देशभर में रोशन करेंगे।